## एक नजर में

### दो लाख रुपये की प्रतिकर राशि आदेश पारित

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश टीकमगढ़ प्रवीणा व्यास, की अध्यक्षता में जिला न्यायालय परिसर के सभाकक्ष में मप्र अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना अंतर्गत गठित समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मप्र अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना 2015 के अंतर्गत एक प्रकरण रखा गया, जिसमें प्रतिकर राशि दो लाख रूपये मात्र के आदेश पारित किया गया।**

इसके साथ ही 13 दिसंबर को वर्ष की अंतिम नेशनल लोक अदालत के सफल क्रियांवयन एवं अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के उद्देश्य से प्रशासनिक अधिकारीगण के साथ बैठक की गई। बैठक में प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टीकमगढ़ प्रवीणा व्यास द्वारा उपस्थित प्रशासनिक अधिकारीगण से नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक राजीनामा योग्य प्रकरणों के निराकरण में सहयोग प्रदान करने के लिए आवश्यक चर्चा की। इस अवसर पर कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय, एसपी मनोहर सिंह मंडलोई प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# खाद वितरण को लेकर कलेक्टर ने शुरू कराई टोकन प्रणाली

**खाद की कालाबाजारी पर प्रशासन ने कसा शिकंजा**

**22, 23 एवं 24 को गोदामों से होगा खाद का वितरण**



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। खाद वितरण की समस्या के समाधान के लिए जिला प्रशासन की ओर से शुक्रवार को टोकन व्यवस्था लागू की गई है। इस व्यवस्था को लेकर बीते दिनों कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं किसानों के साथ एक बैठक लेकर टोकन व्यवस्था लागू करने प्रणाली बनाई थी। इस पहल से किसानों को अब आसानी से खाद मुहैया कराया जा सकेगा। जिसके चलते किसानों को 17, 18 और 19 अक्टूबर को खाद के टोकन बांटे जाएंगे। खाद का नगद वितरण 22 अक्टूबर से शुरू होगा। शुक्रवार को कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय और एसडीएम संस्कृति लिटोरिया ने नयाखेरा समिति पहुंचकर टोकन वितरण व्यवस्था का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसीक्रम में कलेक्टर के निर्देशन में किसानों से शिकायत मिलते ही लिधौरा में राजस्व विभाग के अधिकारियों ने अपनी टीम के साथ खाद की कालाबाजारी को लेकर एक कार्यवाही को अंजाम दिया गया है।**

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने बताया कि नगद खाद खरीदने वाले किसानों के लिए डीएपी, एनपीके खाद के टोकन 17, 18 और 19 अक्टूबर को नजदीकी सहकारी समितियों पर उपलब्ध रहेंगे। यह टोकन सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बांटे जाएंगे। टोकन के लिए किसानों को अपना आधार कार्ड और ऋण पुस्तिका साथ लानी होगी। समिति पर किसानों की कृषि भूमि के रकबे के अनुसार खाद की मात्रा और उसे प्राप्त करने की तारीख टोकन पर दर्ज की जाएगी। खाद का वितरण 22, 23, 24 और 25 अक्टूबर को डबल लॉक गोदामों और मार्कफेड के गोदामों से किया जाएगा। किसान टोकन पर लिखी हुई दिनांक को गोदाम पर पहुंचकर मूल टोकन जमा करने के बाद पीओएस मशीन पर अंगूठा लगाकर और नगद भुगतान कर खाद प्राप्त कर सकते हैं। जिले में कुल 6 गोदामों से खाद का वितरण किया जाएगा, जिसमें हर गोदाम से प्रतिदिन लगभग 200 किसानों को खाद वितरित की जाएगी।

इसीक्रम में जिले के लिधौरा नगर परिषद में बीती रात एक खाद गोदाम पर तहसीलदार ने छापा मारा। किसानों ने व्यापारी पर अधिक दरों पर खाद बेचने और बोरियां दूसरी जगह भेजने का आरोप लगाया। शिकायत के बाद लिधौरा तहसीलदार ओमप्रकाश गुप्ता ने गोदाम को सील कर दिया।

तहसीलदार ओमप्रकाश गुप्ता ने नायब तहसीलदार और राजस्व अमले के साथ गुरुवार रात थाना के सामने स्थित कैलाश जैन की खाद दुकान पर छापा मारा। दुकान बंद कर खाद की कालाबाजारी की जा रही थी। किसानों की शिकायत पर तहसीलदार को सूचना मिली कि एक ट्रैक्टर में खाद भरकर कहीं और भेजा जा रहा था। टीम ने मौके पर पहुंचकर छापामारी की। जांच के दौरान दुकान में लगभग 9.5 टन खाद पाई गई। दुकान को दोनों तरफ से सील कर दिया गया और कालाबाजारी में इस्तेमाल किए जा रहे ट्रैक्टर को थाना परिसर में जब्त कर लिया गया। मौके पर दुकान से ट्रैक्टर में खाद लादकर बाहर भेजी जा रही थी। इस कार्यवाही के दौरान नायब तहसीलदार लिधौरा, स्थानीय पटवारी, राजस्व अमला और पुलिस बल उपस्थित रहे। खाद को लेकर कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय सजग बने हुए हैं। उनका प्रयास है कि किसानों को बगैर तकलीफ के सहजता के साथ खाद मुहैया कराया जा सके।

### उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित

किसानों के साथ खाद में धोखाधड़ी करने वाले उर्वरक विक्रेताओं पर जिला प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। जिले के तीन उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित कर दिए गए हैं। जानकारी के मुताबिक मेसर्स अंकुर ट्रेडर्स जतारा प्रो. अंकुर जैन, हरीभूमि फार्म प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड पलेरा प्रो. अंकित गुप्ता और रमेश ट्रेडर्स लिधौरा प्रो. रमेश कुमार साहू के पास से लिए गए उर्वरकों के सैंपल सागर स्थित प्रयोगशाला में अमानक पाए गए। इन खाद का निर्माण आईपीएल चेन्नई कंपनी द्वारा किया गया था। उप संचालक कृषि ने बताया कि अमानक उर्वरक की रिपोर्ट आने के बाद कार्यवाही की जाएगी।

# बालिकाओं ने निकाली जागरुकता रैली




**नवभारत न्यूज जतारा। जिला कलेक्टर विवेक श्रोतिय के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी उदल सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर दिनांक 13 अक्टूबर से दिनांक 17 अक्टूबर तक पांच दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत बालिकाओं ने जागरूकता रैली निकाली।**

इसी के अंतर्गत जतारा परियोजना अंतर्गत लिधौरा आंगनबाड़ी केंद्र वार्ड 13 किले में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस समापन के लिए कई प्रकार की गतिविधिया आयोजित कराई गई महिला पुलिस कर्मी रुपेश नायक एवं थानेदार रामचंद्र द्वारा बालिकाओं को उनके अधिकारों एवं कर्तव्य के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही साइबर क्राइम ऑनलाइन सुरक्षा एवं पोक्सो एक्ट के बारे में बताया गया बालिकाओं के साथ जागरूकता रैली निकाली गई। 13 अक्टूबर से शुरू हुए बेटी पढ़ाओं, बेटी बचाओ अभियान के तहत अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के कार्यक्रम में रोजाना बच्चियों को जागरूक किया गया । शुक्रवार को कार्यक्रम का समापन हुआ।

कार्यक्रम के दौरान परियोजना अधिकारी प्रेमवती यादव, पर्यवेक्षक शशि सिंह, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की शिक्षिका मंजू रानी यादव एवं वंदना कुमारी जोशी उपस्थिति रहीं।

# सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने पर दिया जा रहा जोर



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार एवं डॉ. पीके माहौर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में विकासखंड बल्देवगढ़ में मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत गर्भवती माताओं को प्रदान की जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता को बढ़ाने के उद्देश्य से मैदानी स्तर पर पदस्थ सीएचओ, एएनएम के अर्द्ध दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।**

प्रशिक्षण में डॉ. केएम वरुण डीएचओ-2 तथा खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंकित त्रिपाठी के निर्देशन में तथा न्यूट्रेशन इंटरनेशनल के मुकेश सुनानिया सहयोग से समुदायक स्वास्थ्य केंद्र बल्देवगढ में किया गया।

प्रशिक्षण में सभी गर्भवती माताओं का प्रथम तिमाही में शीघ्र पंजीयन अवश्य करें एवं समस्त गर्भवती और धात्री महिलाओं को आयरन और कैल्शियम की टैबलेट अनिवार्य रूप से प्रदान की जाए और समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर उपलब्धता हमेशा रहे। डीएचओ-2 डॉ. केएम वरुण ने बताया कि अनेमिक महिलाओं का प्रबंधन अच्छे से करना है। साथ ही परिवार की कॉउंसललिंग सही तरीके से करें तथा पति की भागीदारी सुनाश्चित करें, एचआरपी को प्राथमिक जांच कर निकटतम एफआर यू पर भेजे।

# पुनर्वास केन्द्र के बच्चों को बांटे उपहार

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। दीपावली के शुभ अवसर पर जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के दिव्यांग बच्चों द्वारा अपने हाथों से बनाए गए सुंदर दीपक कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय को उपहार स्वरूप भेंट किए गए। इस अवसर पर कलेक्टर ने बच्चों के साथ आत्मीयता से बातचीत की और उन्हें मिठाई खिलाकर पर्व की खुशियां साझा कीं।**

कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने बच्चों की रचनात्मकता और हुनर की सराहना करते हुए कहा कि दिव्यांग बच्चे समाज का अभिन्न हिस्सा हैं और उनका आत्मविश्वास सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने सभी से अपील की कि दीपावली पर स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता दें और वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा दें।

इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे, सहायक संचालक सामाजिक न्याय विभाग सौरव तिवारी उपस्थित रहे। दीपावली के शुभ अवसर पर जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के दिव्यांग बच्चों द्वारा अपने हाथों से बनाए गए सुंदर दीपक कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय को उपहार स्वरूप भेंट किए गए। इस अवसर पर कलेक्टर ने बच्चों के साथ आत्मीयता से बातचीत की और उन्हें मिठाई खिलाकर पर्व की खुशियां साझा कीं।

त्योहार को लेकर जिला प्रशासन काफी सजग दिखाई दे रहा है। चौराहो पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। दरअसल दीपावली पर्व पर बाजारों में काफी रोनक दिख रही है।

# भैंस निकालने पर विवाद, पुलिस में मामला कायम



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। देहात थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुरा गांव में शुक्रवार को एक चाचा ने अपने तीन भतीजियों और एक भतीजे को डंडों से पीटा। चाचा के घर के दरवाजे से भैंसें निकालने को लेकर हुए विवाद के बाद मारपीट होने की घटना सामने आई है। पुलिस ने मामला दर्ज जांच शुरू कर दी है।**

बच्चों के माता-पिता दिल्ली में मजदूरी करते हैं, जिसके कारण वे बच्चों के साथ नहीं थे। मारपीट में घायल हुए बच्चों को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें मारपीट होते हुए दिख रही है। मारपीट में घायल आरती अहिरवार ने बताया कि हमारी भैंसें नहीं मिल रही थी। सुबह एक पहचान वाले का फोन आया कि गांव के पास कुछ भैंसें घूम रहीं हैं। उन्हें देखने के लिए भाई के साथ जा रही थी। इसी दौरान चाचा हरिशंकर अहिरवार ने दरवाजे से जानवर निकालने से मना किया। इसी बात को लेकर चाचा हरिशंकर, उनके बेटे अमर और चाची सुधा ने लाठी डंडों से मारपीट शुरू कर दी। घटना में आरती की दो बहनों और एक भाई को चोट लगी है। पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया है और घटना की जांच शुरू कर दी है। देहात थाना प्रभारी चंद्रजीत यादव ने बताया कि अस्पताल पुलिस चौकी से मेमो आने के बाद एफआईआर दर्ज की जाएगी। फिलहाल घायलों के बयान दर्ज किया जा रहे हैं।

### खाद्य पदार्थों के लिए जा रहे नमूने

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार जिले में आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुये खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत अधिकारियों द्वारा निरंतर निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के नमूनों की जांच की जा रही है।**

इसीक्रम में तहसीलदार टीकमगढ़ सत्येंद्र सिंह गुर्जर ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी मनीष जैन और राजस्व दल के साथ बीकानेर मिष्ठान भंडार एवं नायक डेयरी पर खाद्य पदार्थों का निरीक्षण एवं नमूना एकत्रित किए। नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहे है, जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुये खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत अधिकारियों द्वारा निरंतर निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के नमूनों की जांच की जा रही है।

# मिट्टी के दीपक निर्माण की समझी प्रक्रिया

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। ग्राम मोहनपुरा में स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बनाये जा रहे मिट्टी के उत्पादों का अवलोकन किया। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने ग्राम मोहनपुरा में स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में बनाये जा रहे मिट्टी के दिये तथा लक्ष्मीजी एवं गणेशजी मूर्ति का अवलोकन किया तथा निर्माण की प्रक्रिया को जाना। इस दौरान उन्होंने स्वयं मिट्टी के दिये बनाकर उत्पादों की पूरी प्रक्रिया समझी।**



कलेक्टर ने नजरबाग के सामने मध्य प्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्व-सहायता समूह की महिलाओं लगाये गये स्टालों से मिट्टी के दिये सहित अन्य पूजा से संबंधित सामग्री खरीदी। श्री श्रोत्रिय ने दीवाली पर्व को लेकर जिलेवासियों से वोकल फॉर लोकल अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया है। उन्होंने लोगों से अपील की कि इस दीपावली पर स्थानीय कुम्हारों से मिट्टी के दिए, दीपक और मूर्तियाँ खरीदें, ताकि परंपरा को बढ़ावा मिले और स्थानीय कारीगरों को भी आर्थिक सहयोग प्राप्त हो सके। उन्होंने ने कहा कि स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देने से न केवल पर्यावरण की सुरक्षा होगी, बल्कि आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने सभी नागरिकों से स्वदेशी सामान के उपयोग को अपनाने और पर्यावरण के अनुकूल दीपावली मनाने की अपील की। कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने इस अवसर पर सभी जिलेवासियों को दीपावली की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे, एनआरएलएम से देवेन्द्र श्रीवास्तव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जबरन धर्म परिवर्तन के मामले में पुलिस ने किया केस दर्ज

**कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों को धर दबोचा**

**मामले की जांच शुरू होने के बाद चल रही कार्यवाही**

**नवभारत,न्यूज टीकमगढ़ । सिटी कोतवाली क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म और उसे जबरन धर्म परिवर्तन कर निकाह के लिए मजबूर करने का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने गुरुवार को मुख्य आरोपी जाबिर खान, उसके पिता, जीजा और मामा समेत चार लोगों के खिलाफ विभिन्न गंभीर धाराओं के तहत केस दर्ज किया है।**



कोतवाली थाना पुलिस ने मुख्य आरोपी जाबिर खान और उसके जीजा शाहरुख खान को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं आरोपी के पिता अब्बू खान और मामा की तलाश जारी है। कोतवाली थाना प्रभारी बृजेंद्र चाचौंदिया ने बताया कि पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी जाबिर खान उससे बातचीत करता था और लगातार उससे निकाह करने की बात कहता था। शिकायत के अनुसार, 3 अक्टूबर को जाबिर खान ने पीड़िता से कहा, चलो भाग चलते हैं। मैं तुमसे निकाह कर अपने मुस्लिम धर्म में मिला लूंगा। जब पीड़िता ने शादी से इनकार किया तो जाबिर ने उसे जान से मारने और बदनाम कर देने की धमकी दी। पीड़िता ने यह भी बताया कि जाबिर के जीजा शाहरुख खान ने भी उसे धमकी देते हुए कहा था, तुम जाबिर के साथ निकाह नहीं करोगी तो तुम्हें एवं तुम्हारे परिवार को जान से खत्म कर दूंगा। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि 3 अक्टूबर को जाबिर खान उसे बाइक से मऊ ले गया। इसके बाद 5 अक्टूबर को वे कुलपहाड़ पहुंचे, जहां जाबिर ने उसकी मांग में सिंदूर भरकर और मंगलसूत्र पहनाकर शादी करने का नाटक किया। इसके बाद जाबिर के पिता ने उन्हें छतरपुर में मामा के यहां जाने को कहा। पीड़िता के अनुसार, 7 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक वे छतरपुर में रहे, जहां जाबिर खान ने अपनी मर्जी के खिलाफ चार दिन तक जबरदस्ती गलत काम किया। बाद में जाबिर उसे रानीपुर में छोड़कर फरार हो गया। पीड़िता ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई। कोतवाली थाना प्रभारी बृजेंद्र चाचौंदिया ने बताया कि पीड़िता की शिकायत के आधार पर चारों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। मुख्य आरोपी जाबिर खान और उसके जीजा शाहरुख खान को गिरफ्तार कर लिया गया है और दो आरोपियों की तलाश की जा रही है।

**प्रशिक्षण** ▶ कार्यक्रम के समापन में अनाज एवं सब्जियों की दी जानकारी

# वैज्ञानिकों ने 20 कृषि सखियों को दिया 5 दिवसीय प्रशिक्षण

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कृषि विज्ञान केंद्र टीकमगढ़ द्वारा निवाड़ी जिले की 20 कृषि सखियों को पाँच दिवसीय प्रशिक्षण 12 से 16 अक्टूबर तक आयोजित किया गया। जिसका गत दिवस समापन किया गया। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. डीएस तोमर, अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय टीकमगढ़, विशिष्ट अतिथि भरत राजवंशी, परियोजना संचालक आत्मा और कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. बीएस किरार, प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख रहे। समापन के दौरान वैज्ञानिक डॉ. आरके प्रजापति, डॉ. एसके सिंह, डॉ. यूएस धाकड़, डॉ. सतेन्द्र कुमार, डॉ. एसके जाटव, डॉ. आईडी सिंह, हसनाथ खान एवं जयपाल छिगारहा रहे।**




डॉ. बीएस किरार ने कृषि सखियों से प्राकृतिक खेती के बारे ने पूछा गया जो उन्होंने प्रशिक्षण में सीखा और साथ ही साथ वैज्ञानिकों ने तकनीकी कमियों को समझाकर दूर किया। कृषि सखियों को प्राकृतिक खेती के सभी घटकों के बारे में विस्तार से प्रायोगिक विधियों द्वारा समझाया गया। प्राकृतिक खेती के महत्व/लाभ बताकर गाँवों में अन्य परिवारों को जागरूक करना है, जिससे मनुष्य, मृदा, जल, वायु, आदि को दूषित होने से बचाया जा सके एवं वातावरण स्वच्छ रहे। डॉ. डीएस तोमर ने महिलाओं से आवाहन करते हुए कहा कि पहले स्वयं प्राकृतिक खेती से अनाज एवं सब्जियाँ उगायें और परिवारों को भी प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रोत्साहित करें। हमारे पूर्वज भी बिना रसायनों की खेती करते थे तथा उसकी उपज स्वादिष्ट एवं स्वास्थ्यवर्धक होती थी। भरत राजवंशी ने बताया कि कृषि सखियों को बताया कि आपको एक क्लस्टर में 125 कृषकों को प्राकृतिक खेती सिखाना और कराना है, तकनीकियों में जो भी परेशानी आये तो उससे सम्बंधित वैज्ञानिकों एवं कृषि अधिकारियों से संपर्क करें। प्राकृतिक खेती को जिले में अधिक से अधिक बढ़ाना है। गत दिवस समापन किया गया। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. डीएस तोमर, अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय टीकमगढ़, विशिष्ट अतिथि भरत राजवंशी, परियोजना संचालक आत्मा और कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. बीएस किरार, प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख रहे।

### वैज्ञानिकों ने दिए 20 व्याख्यान

नोडल अधिकारी डॉ. यूएस धाकड़ एवं डॉ. एसके सिंह द्वारा 5 दिवसीय प्रशिक्षण में प्राकृतिक खेती को व्यावहारिक एवं प्रायोगिक तरीकों से समझाया गया। इन 5 दिनों में विभिन्न वैज्ञानिकों द्वारा 20 व्याख्यान दिए गए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. एसके सिंह एवं डॉ. यूएस धाकड़ ने किया। समापन पर मुख्य अतिथियों द्वारा कृषि सखियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। आभार व्यक्त डॉ. आरके प्रजापति वैज्ञानिक द्वारा किया गया।

### इंटरनेट से जुड़े अपराधों की दी जानकारी

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। पुलिस ने जिले के नागरिकों को त्योहारों के मद्देनजर इंटरनेट से जुड़े अपराधों से बचाने और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने के उद्देश्य से एक व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इस पहल का मार्गदर्शन पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य लोगों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी ऐप और अन्य साइबर धोखाधड़ी से बचने के उपाए बताना है।**

जिसके चलते लोगों को जागरूक करने के मकसद से पुलिस ने अपील की है कि अंजान नंबर से फोन आने से उसे ओटीपी न दें। इसके अलावा पुलिस ने ऐसे फोन आने पर तुरंत इसकी सूचना देने की लोगों से बात कही है। लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए जिलेभर के थाना, चौकीयों में अभियान चल रहे हैं।

# प्रोत्साहन देने के लिए लगाई प्रदर्शनी



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रवीणा व्यास की अध्यक्षता एवं मार्गदर्शन में जिला न्यायालय परिसर, टीकमगढ़ में श्रेंया मानव कल्याण समिति द्वारा बालगृह में निवासरत बच्चों के द्वारा हस्त निर्मित मिट्टी की कलाकृतियों जैसे दीपक, मूर्तियां, वांस की टोकरियां आदि को प्रोत्साहन देने के लिए प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।**

प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टीकमगढ़ प्रवीणा व्यास के द्वारा बच्चों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों की प्रशंसा की और बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि प्रत्येक बच्चे को पढ़ाई के साथ-साथ अपनी कला का भी विकास करना चाहिए। जिससे कि बच्चे समाज एवं देश के विकास में अपना योगदान दे सकें। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय शमरोज खान, विशेष न्यायाधीश संजय गुप्ता, सहित अन्य न्यायाधीशगण मौजूद रहे।